हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 25 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

4 कन्या कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस



## खबर संक्षेप

### गांधी की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति का संकल्प आज

**मनेन्द्रगढ़।** महात्मा गांधी की पुण्य तिथि 30 जनवरी के अवसर पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी जनसामान्य से नशामुक्ति के पक्ष में संकल्प एवं शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर कराकर व्यसन मुक्ति के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित विभागों के सहयोग से एमसीबी जिले की नशामुक्त भारत अभियान की कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा।

### प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को नमन आज

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को शहीद दिवस के अवसर पर पूर्वान्ह 11.00 बजे दो मिनट का मौन धारण किया जाएगा। उक्त आयोजन को गरिमामय एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले के समस्त कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### मनोज बने सोनहत के सीईओ

**सोनहत।** जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के तहत मनोज कुमार जगत को जनपद पंचायत सोनहत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के पश्चात 29 जनवरी को नवपदस्थ सीईओ मनोज कुमार जगत ने कार्यभार ग्रहण करने से संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूर्ण किया। कार्यभार ग्रहण के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंशु पटना के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

हरिभूमि न्यूज पटना। विधायक भईयालाल राजवाडे ने नगर पंचायत पटना के लिए विधायक प्रतिनिधि अंशु देवांगन पिता शंकर देवांगन को नियुक्त किया है। अंशु देवांगन को विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत पटना नियुक्त किए जाने पर शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

### समस्याओं को लेकर गोंगपा ने निकाली रैली

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा 29 जनवरी को जिला मुख्यालय में किसान हुंकार रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। अपने तय कार्यक्रम अनुसार गोंगपा पदाधिकारियों एवं काफी संख्या में किसान प्ेरमाबाग क्षेत्र में एकत्र होकर आमसभा किए। आम सभा को गोंगपा के विभिन्न पदाधिकारियों के द्वारा संबोधित किया गया, इसके पश्चात अपरान्ह लगभग 4 बजे रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के लिए पदल शहर के मुख्य मार्ग से निकले। जानकारी के अनुसार किसानों की प्रमुख मांगों में किसानों से लिया गया। हमाली का रूपए वापस किया जाने, धान खरीदी केन्द्रों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई किया करने,धान खरीदी का समय-सीमा बढ़ाने, छूटे हुए किसानों का रकबा जोड़ने, पटना में जिला सहकारी बैंक का ब्रांच चालू किया जाए, प्रत्येक गांव में जन समस्या निवारण शिविर लगाने तथा किसानों का लंबित प्रकरणों को अतिशीध्र निराकरण करने की मांगों को लेकर गोंगपा के बैनर तले किसान हुंकार रैली जिला मुख्यालय में आयोजित की गई थी।

### नाली निर्माण कार्य की मिली स्वीकृतिः पार्षद

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 20 जूनापारा में स्थानीय निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हरिभूमि ने शहर के जूनापारा वार्ड क्रमांक 20 में सड़क पर बह रहे गंदा पानी को लेकर समाचार का प्रकाशन 29 जनवरी के अंक में प्रकाशित किया था। इस मामले में वार्ड पार्षद संजय जायसवाल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 20 जूनापारा में हाकिम अली सिद्धकी के घर के सामने से प्रमोद गुप्ता के घर के सामने तक नाली निर्माण कार्य पूर्व में ही स्वीकृत हो चुका है और इसके लिए 10 लाख रूपए की राशि स्वीकृत है। जानकारी के अनुसार उक्त कार्य बीते सितंबर माह में ही स्वीकृत हो चुका है, लेकिन धरातल पर निर्माण कार्य चार माह बीतने के बाद भी नाली निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, वहीं वार्ड क्रमांक 20 में हबीब सिद्धकी के घर के पास से बचरापोड़ी मेनरोड तक बीटी रोड निर्माण कार्य भी स्वीकृत हुआ है, लेकिन दोनों ही कार्य अब तक शुरू नहीं हुए हैं, इसके चलते वार्ड के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

दो अज्ञात व्यक्तियों ने हाथ में रखा झोला बलपूर्वक छीना

# किसान के हाथ से 20 हजार लूटकर आरोपी फरार, सहकारी बैंक से निकाले थे रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के सिटी कोतवाली अंतर्गत जिले के ग्राम डोहड़ा निवासी ज्ञान सिंह पिता स्व. मंगल सिंह के साथ बुधवार शाम झपटमारी की घटना सामने आई है। पीड़ित के अनुसार वह खेती-किसानी का कार्य करता है और 28 जनवरी को सहकारी बैंक से 20 हजार रूपए निकालकर झोले में रखकर पैदल घर लौट रहा था।

शाम करीब 4:15 बजे जब वह जेल रोड गली में नाली के पास पहुंचा और युरीन के लिए जा रहा था, तभी पीछे से आए दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके हाथ में रखा झोला बलपूर्वक छीन लिया। झोले में 20 हजार रूपए नकद व बैंक पासबुक रखी हुई थी। घटना के बाद पीड़ित ने आरोपियों का पीछा भी किया, लेकिन वे फरार हो गए। आस-पास तलाश करने के बावजूद आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिटी कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 304 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कहीं गार्ड नहीं तो कहीं बंद मिला सीसीटीवी

- बैंकों की सुरक्षा में भारी कमियां, पुलिस सख्तः एएसपी-एसडीओपी का औचक निरीक्षण

शहर में संचालित बैंकों की सुरक्षा में बेहद कमियां सामने आई हैं, कहीं बैंक में गार्ड नहीं है तो कहीं पर सी सी टी ०ही कैमरा ही बंद मिला है। इसे लेकर गुरूवार को कोरिया के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे एवं एसडीओपी राजेश साहू ने थाना बैकुंठपुर पुलिस स्टाफ के साथ क्षेत्र के प्रमुख बैंकों का सुरक्षागत दृष्टि से औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था में खामियां उजागर हुइं, इस पर अधिकारियों ने सख्त रूख अपनाया। सोसाइटी बैंक में ग्राहकों की अत्यधिक भीड़ देखी गई। मौके पर मौजूद लोगों को टोकन के अनुसार लाइन में खड़े रहने की समझाइश दी गई। बैंक गार्ड को वर्दी में ड्यूटी करने तथा ग्राहकों को सुरक्षित रूप से कतारबद्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी ग्राहकों को नकदी की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की हिदायत दी गई। पंजाब नेशनल बैंक के निरीक्षण के दौरान बैंक में गार्ड मौजूद नहीं पाया गया। हालांकि ग्राहकों ने बताया कि बैंक प्रबंधन द्वारा ग्राहकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउंटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सेंट्रल बैंक में भी गार्ड की अनुपस्थिति सामने आई, जबकि सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में पाए गए। बैंक मैनेजर को तत्काल गार्ड की व्यवस्था के लिए प्रतिवेदन भेजने और उच्च अधिकारियों से समन्वय कर सुरक्षा मजबूत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूर्व में सेंट्रल बैंक के सामने लूट की घटनाएं हो चुकी हैं, ऐसे में गार्ड की तैनाती अनिवार्य है। थाना प्रभारी कोतवाली बैकुंठपुर एवं यातायात प्रभारी को लगातार सघन पेट्रोलिंग, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा बेतरतीब खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बैंक और आम नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।






निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी

---



# जी-राम-जी योजना से बदलेगी गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- देवगढ़ धाम में भाजपा का मंडल सम्मेलन

विकसित भारत जी-राम-जी जनजागरण अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल पटना द्वारा देवगढ़ धाम में मंडल सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी मुख्य अतिथि एवं मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव की अध्यक्षता रही।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि कांग्रेस मनरेगा बंद होने का भ्रम फैला रही है, जबकि सच्चाई यह है कि उसकी कमियों को दूर कर विकसित भारत जी-राम-जी कानून बनाया गया है। इस योजना के तहत अब ग्रामीण श्रमिकों को 100 के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से गांवों की तस्वीर बदलेगी और रोजगार व विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि योजना की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांवों में जनचौपाल, हाट-बाजारों में नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क अभियान चलाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। आने वाले समय में विकसित भारत जी-राम-जी योजना ग्रामीण विकास को नई दिशा देगी। पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता ने कहा कि इस योजना के लिए पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन कर रहा है, जबकि कांग्रेस भ्रम फैलाने का कार्य कर रही है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने कहा कि योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जिला महामंत्री ⏭ शेष पेज 4 पर

---

# एमसीबी में मंडल स्तरीय कार्यशाला

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीबीजी रामजी जनजागरण अभियान के अंतर्गत जिले में मंडल स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले के निर्देशानुसार मंडल प्रभारी, सह-प्रभारी एवं कार्यशालाओं की विस्तृत समय-सारणी जारी की गई है। यह कार्यशालाएं विभिन्न मंडलों में तय तिथियों, समय और स्थान पर संपन्न होंगी।



जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राम चरित द्विवेदी ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार हसदेव मंडल में 29 जनवरी को दोपहर 2 बजे सामुदायिक भवन पाराडोल में कार्यशाला आयोजित की गई। इस मंडल के प्रभारी संजय राय तथा सह-प्रभारी आशीष सिंह रहे। जनकपुर मंडल में 31 जनवर को दोपहर 12 बजे सामुदायिक भवन जनकपुर में कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जहां प्रभारी आशीष मजूमदार एवं सह-प्रभारी हीरालाल यादव जिम्मेदारी संभालेंगे। नागपुर मंडल की कार्यशाला 1 फरवरी को दोपहर 2 बजे हनुमान मंदिर नागपुर में होगी, इसके प्रभारी राजकुमार बघेल तथा सह-प्रभारी श्रीमती सरोज यादव नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में केल्हारी मंडल में 30 जनवरी को दोपहर 1 बजे लखसाय घर के समक्ष कार्यशाला होगी, जहां प्रभारी सुरेश श्रीवास्तव एवं सह-प्रभारी फलेन्द्र चेरवा रहेंगे। खड़गवां मंडल की कार्यशाला 30 जनवरी को दोपहर 2 बजे सामुदायिक भवन खड़गवां में आयोजित होगी। इस मंडल के प्रभारी सुशील सिंह तथा सह-प्रभारी श्रीमती सोनमती उर्रे होंगे। कुम्हारपुर मंडल में 31 जनवरी को दोपहर 2 बजे सामुदायिक भवन रामगढ़ में कार्यशाला होगी, जहां प्रभारी पवन शुक्ला एवं सह-प्रभारी आदित्य गुप्ता जिम्मेदारी निभाएंगे। वहीं कोटाडोल मंडल की कार्यशाला 1 फरवरी को दोपहर 1 बजे सामुदायिक भवन, कोटाडोल में होगी। इसके प्रभारी हीरालाल मौर्य तथा सह-प्रभारी श्रीमती गौरी बाई नियुक्त हैं।

### 45 पाव अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखिर से सूचना मिली थी कि 27 जनवरी को एक मोटर साइकिल दो लोग अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे है। सूचना के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस तीम्म ने बूढ़ा बगीचा क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। जांच के दौरान मोटरसाइकिल चालक शंकरगढ़ कमारी निवासी 28 वर्षीय शिवप्रसाद आ. अमन साय उरांव व 30 वर्षीय ओमप्रकाश दिवान आ. सुखदेव दिवान की तलाशी ली गई तो उनके पास से कुल 45 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। जब्त किए गए शराब की कीमत लगभग 58 सौ रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक सीजी 30 सी 1334 को भी जब्त किया है।

# कांग्रेस ने चिरमिरी की जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को जिलाधीश एमसीबी को शहर की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान विशेष व्यक्तियों के नाम काटे जाने एवं फॉर्म-7 के कथित दुरूपयोग पर रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही डोमनहिल में 3 करोड़ रूपए की लागत से निमार्णाधीन मंगल भवन का कार्य पुनः प्रारंभ कराने की मांग उठाई गई, जो लंबे समय से बंद है। कांग्रेस ने नई खुली खदानों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, बिना सर्वे जरूरतमंदों के राशन कार्ड काटे जाने पर रोक लगाने, शहर की जर्जर सड़कों एवं दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या के समाधान की मांग की। इसके अलावा जिला अस्पताल में डायलिसिस ⏭ शेष पेज 4 पर



# ग्रामीण व आदिवासी युवाओं ने दिखाई खेल प्रतिभा

**मनेन्द्रगढ़।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 प्रतियोगिता की श्रृंखला के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सभी विकासखंडों में तिथिवार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में 28 जनवरी को भरतपुर विकासखंड में सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 का भव्य, उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय शुभारंभ किया गया। भरतपुर ब्लॉक में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश दिया गया। शुभारंभ के पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ हुईं, जिनमें ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 के अंतर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, खो-खो, वॉलीबॉल, तीरंदाजी सहित अनेक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताएं जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित की जा रही हैं, जिससे जिले के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन एवं पहचान बनाने का सशक्त मंच प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं खेल अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सरगुजा ओलम्पिक ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने, खेल संस्कृति को मजबूत करने तथा युवाओं को सकारात्मक एवं अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करने की एक ⏭ शेष पेज 4 पर



### मौसम में बदलाव दिनभर छाए रहे बादल

**सोनहत।** खंड स्तर पर 29 जनवरी को सुबह से ही मौसम ने करवट ली। दिनभर आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे ठंडक बनी रही और मौसम पूरी तरह सर्द बना रहा।

हालांकि शाम करीब 3-4 बजे के बाद बादलों के बीच हल्की धूप निकलने से कुछ समय के लिए मौसम साफ और मध्यम धूप वाला नजर आया। लगातार बदलते मौसम के मिजाज ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। विशेषकर सहकारी केन्द्रों में खरीदे गए धान को बारिश से बचाने के लिए समिति कर्मचारियों को दिनभर चाक-चौबंद इंतजाम करते देखा गया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- एसपी रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिलेभर में जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के सभागार में सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम एवं डिजिटल फ्रॉड विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रविकुमार कुर्रे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चैबे एवं उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुरेशा चौबे ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन पर प्रकाश डालते हुए किरण बेदी, कल्पना चावला, झांसी की रानी, प्रतिभा पाटिल एवं राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जैसी महान विभूतियों का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने की सलाह दी तथा हमारी छोरियां किसी से कम नहीं जैसे प्रेरक प्रसंग साझा किए। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने अपने संबोधन में यातायात सुरक्षा एवं साइबर अपराधों में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं से यातायात नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण प्रतिवर्ष हजारों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में चली जाती है, जो अत्यंत पीड़ादायक है। साथ ही उन्होंने राष्ट्र के प्रति स्वस्थ एवं सकारात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कोरिया को राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त होने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने इसे ⏭ शेष पेज 4 पर

---

जर्जर सड़क से मिलेगी मुक्ति, मंत्रालय ने जारी किया स्वीकृति आदेश

# अंबिकापुर-बिश्रामपुर मार्ग निर्माण के लिए 28 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर–बिश्रामपुर मुख्य मार्ग (एनएच-43) के मजबूतीकरण कार्य के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 28 करोड़ 19 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्रालय द्वारा 27 जनवरी को जारी स्वीकृति आदेश में इसका उल्लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि संभाग मुख्यालय अंबिकापुर को जोड़ने वाला मार्ग बारामिल जंगल करमपुर मोड़ से कालीघाट तक पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में था। सड़क की बदहाली को लेकर बीते तीन वर्षों से आम नागरिक लगातार शासन-प्रशासन से शिकायतें करते आ रहे थे। हर वर्ष बारिश के बाद पैच रिपेयर कर सड़क को अस्थायी रूप से आवागमन योग्य बनाया जाता था, लेकिन कुछ ही समय में सड़क की स्थिति फिर से खराब हो जाती थी। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एनएच विभाग द्वारा कुमदा करमपुर मोड़ हनुमान मंदिर से कालीघाट तक करीब साढ़े 10 किलोमीटर लंबे जर्जर राष्ट्रीय राजमार्ग के मजबूतीकरण का प्रस्ताव तैयार कर इसे अति आवश्यक कार्य बताते हुए मंत्रालय को भेजा गया था। प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए मंत्रालय ने 28 करोड़ 19 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। एनएच प्रशासन के अनुसार, स्वीकृति मिलने के बाद अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो तीन माह के भीतर निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो सकता है। इस परियोजना के तहत सड़क के दोनों ओर आवश्यकतानुसार नाली, पुल-पुलिया और संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। प्रशासन ने बताया कि नाली व पुल-पुलिया निर्माण से सड़क की ऊंचाई बढ़ेगी, जलभराव की समस्या समाप्त होगी और सड़क की आयु भी काफी बेहतर होगी। गौरतलब है कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण बिश्रामपुर से अंबिकापुर की यात्रा अत्यंत कष्टदायक हो गई थी। हालात ऐसे थे कि लोग मजबूरी में ही दोपहिया या चारपहिया वाहनों से सफर करते थे। अब इस स्वीकृति के बाद संभाग मुख्यालय तक की राह आसान होने की उम्मीद जगी है। उल्लेखनीय है कि महावीर कालीघाट के आगे की सड़क का निर्माण कार्य गत वर्ष पूरा हो चुका है, वहीं हाल ही में अंबिकापुर स्टेशन से गांधी चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा भी 61 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में इस मार्ग पर यात्रा करने वालों के लिए यह खबर निश्चित ही राहत और सुकून देने वाली साबित होगी।



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्यो के लिए मौसम विज्ञानी भट्ट हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा संचालित मौसम विज्ञान विभाग के प्रादेशिक मौसम केंद्र द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट



करने वाले अधिकारी-अधिकारियों को हर साल सम्मानित किया जाता है। विभाग द्वारा इस बार उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश भर के 6 अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया था। विभाग द्वारा मौसम विज्ञान केन्द्र अम्बिकापुर के मौसम विज्ञानी बी अक्षय कुमार भट्ट को उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### स्कूल परिसर में गाली गलौज करने वाले दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** कुसमी के नवाडीहकला में दो युवकों एन शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने स्कूल परिसर में गाली गलौज करने के साथ ही शिक्षकों को मारने की धमकी दी। अब इस मामले में प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसडीएम कुसमी करूण डहरिया ने बताया कि विकासखंड कुसमी के अंतर्गत तहसील चांदो के ग्राम नवाडीहकला में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बरवाडीह के सामने डूमरखोरका नवासी 19 वर्षीय विकास पैकरा व 19 वर्षीय संजय कोरवा ने शराब के नशे में शोर-शराबा करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को मारपीट करने की धमकी दी। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उक्त मामले की शिकायत थाना चांदो में की गई। शिकायत की जांच हेतु दोनों युवकों को थाना चांदो लाया गया। जहां दोनों से पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान दोनों युवक आक्रोश में आकर शिकायतकर्ताओं एवं पुलिस कर्मचारियों से वाद-विवाद करने लगे। थाना में विवाद की स्थिति को देखते हुए, दोनों युवकों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी कुसमी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी कुसमी के द्वारा दोनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

### पागल कुत्ता के काटने से गंभीर वृद्ध की गई जान

अम्बिकापुर। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम तुरना निवासी झनक राम राजवाड़े आ. स्व. चमरा राम राजवाड़े (65 वर्ष) 31 दिसंबर की रात पत्नी के साथ घर में था। इसी दौरान रात लगभग 8 बजे बाथरूम करने घर के बाहर निकला। जैसे ही बाथरूम करने के पश्चात घर जाने के लिए मुड़ा तभी आवारा पागल कुत्ता ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ता ने वृद्ध के उंगली को काट लिया जबकि चेहरे को पंजा से जख्मी कर दिया। इधर किसी तरह वृद्ध पागल कुत्ता से बचकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने दूसरे दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराया तथा बीच बीच में इंजेक्शन लगवाने के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर भी आए। 26 जनवरी को वृद्ध की हालत काफी बिगड़ गई तो परिजन ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चोरों ने आईसीयू में भर्ती मरीज के बैग से पार किया रूपए

अम्बिकापुर। लटोरी अंतर्गत ग्राम जगतपुर निवासी शबरन राम की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में दाखिल कराया। बीती रात चोरों ने मरीज के पुत्र श्याम कुमार के बैग में रखे नगद 12 सौ रुपए को पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह लगी जब श्याम कुमार बैग में रखे रुपए निकालने लगा तो पता चला कि बैग में रुपए ही नहीं है। घटना की शिकायत श्याम कुमार ने अस्पताल के पुलिस से की है।

### विलुप्तप्राय गिद्ध के बच्चे का रेस्क्यू, छोड़ा गया जंगल में

**प्रतापपुर।** नगर में एक दुर्लभ और विलुप्तप्राय प्रजाति के गिद्ध के बच्चे के मिलने से क्षेत्र में चर्चा



का विषय बन गया। नगर के मनीष गुप्ता के घर में एक छोटा गिद्ध पाया गया, जो उड़ने में असमर्थ था और काफी कमजोर अवस्था में था। घर के सदस्यों ने जब गिद्ध के बच्चे को उड़ते हुए नहीं देखा तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक गिद्ध के बच्चे का रेस्क्यू किया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह गिद्ध विलुप्तप्राय प्रजाति का है, जिसे आज के समय में देख पाना बेहद दुर्लभ हो गया है। आवश्यक देखभाल के बाद गिद्ध के बच्चे को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया। गौरतलब है कि एक समय बड़ी संख्या में पाए जाने वाले गिद्ध अब लगभग दिखाई नहीं देते, ऐसे में प्रतापपुर जैसे क्षेत्र में गिद्ध के बच्चे का मिलना पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण घटना मानी जा रही है।

### नगरवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी, लोगों में आक्रोश

# अम्बिकापुर-गढ़वा मुख्य मार्ग निर्माण में भारी लापरवाही, धूल-गड्ढों से त्रस्त



धूलधुसरित सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

छत्तीसगढ़ और झारखंड को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण अम्बिकापुर–गढ़वा मुख्य मार्ग बदहाली का शिकार हो चुका है।

**खास बात**
- ठेकेदार पर काम में लेट-लतीफी का आरोप

एनएच 343 की पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं और यही मार्ग व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आपातकालीन आवागमन की प्रमुख जीवन रेखा माना जाता है लेकिन वर्तमान में इस मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य आम जनता के लिए राहत की बजाय एक बड़ी मुसीबत बन गया है। धीमी रफ्तार, अधूरा निर्माण, गड्ढे, उड़ती धूल और सुरक्षा इंतजामों की भारी कमी के कारण लोग रोजमर्रा की परेशानी झेलने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क निर्माण के नाम पर केवल दिखावटी गतिविधियां की जा रही हैं। ठेकेदार द्वारा राजपुर और अंबिकापुर के बीच सिर्फ तीन स्थानों चांची और परसागुड़ी में पोकलेन मशीनें खड़ी कर काम चलता हुआ दर्शाया जाता है। इसके अलावा परसा में नाली निर्माण और पुल पुलिया के काम चल रही हैं जबकि वास्तविकता में मशीनें घाटों निष्क्रिय खड़ी रहती है। लंबे इंतजार के बाद एनएच 343 के निर्माण कार्य की शुरुआत तो हुई, लेकिन इसकी धीमी गति और अव्यवस्था अब जनता के लिए आफत बनती जा रही है। यातायात सुरक्षा को लेकर निर्माण एजेंसी ने लगभग कोई व्यवस्था नहीं की है। पूरे निर्माण क्षेत्र में न तो पर्याप्त साइन बोर्ड लगाए गए हैं और न ही रात में चमकने वाले रिफ्लेक्टर, ब्लिंकर लाइट या चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। रात के समय दृश्यता बेहद कम हो जाती है ऐसे में बिना किसी चेतावनी या सुरक्षा व्यवस्था के अधूरी सड़क पर वाहन चलाना जान जोखिम में डालने जैसा है। कुछ दिन पहले ही राजपुर तहसील के पास एक ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा न तो फ्लैगमैन की तैनाती की जा रही है और न ही रात में लाल-हरी झंडी या एलईडी रॉड के जरिए यातायात नियंत्रित किया जा रहा है। सड़क की खुदाई के कारण पूरे मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में फंसकर दोपहिया और चारपहिया वाहन आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ठेकेदार द्वारा पानी छिड़काव के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम के समय सरगुजा सर्विस स्टेशन से थाना चौक तक ही थोड़ा-बहुत पानी डाला जाता है, जबकि गेउर नदी पुल से लेकर तहसील कार्यालय तक का पूरा इलाका धूल से ढंका रहता है। दुकानों के बाहर रखा सामान, घरों के भीतर की वस्तुएं और यहां तक कि पीने का पानी तक धूल से खराब हो रहा है।

#### अधिकारियों से करेंगे चर्चा



भाजपा जिलाध्यक्ष बलरामपुर ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि कार्य धीमा गति से हो रहा है। कलेक्टर और एनएच 343 के अधिकारियों से बात करेंगे और कार्य में प्रगति लाने को कहेंगे। यहां के लोगों को धूल व गड्ढों से निजात मिल सके। सरकार की जो मनसा है लोगों को आवागमन की सुविधा अच्छे सड़क के माध्यम से मिले।

#### ठेकेदार काम में लाएं तेजी



पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम ने कहा कि यह सड़क हजारों लोगों की जीवनरेखा है। धूल और गड्ढों से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने ठेकेदार को चेतावनी देकर निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की।

#### अधिकारियों से हुई है बात



भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने कहा कि एनएच के उच्च अधिकारियों से बात कर कार्य को गति देने हेतु कहा गया है। आबादी क्षेत्र में जहां-जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उन सभी जगह पर कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने हेतु भी कहा गया है ताकि बरसात के दिनों में यहां के लोगों को निजात मिल सके।

#### हो रही है खाना पूर्ति

नवनियुक्त कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य की गति काफी धीमी है सड़क निर्माण के नाम पर सड़क के किनारे जगह जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है। कोई भी सुरक्षा सूचक बोर्ड तक नहीं लगाया गया है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती है सड़क पर उड़ने वाले धूल से भी लोगो घर के बाहर रहना दूभर हो गया है। पानी छिड़काव के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

#### दिए गए है निर्देश

धीमा गति से कार्य किया जा है। कांट्रेक्टर को शीघ्र तेज गति लाने हेतु निर्देश दिया गया है। उच्च अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्य प्रगति की समीक्षा की जा रही है। ठेकेदार को तेज गति लाने हेतु निर्देश दिया गया है।
**-निखिल लकड़ा**, एसडीओ एनएच 343

## नशे के सौदागर को दस साल की कैद

**सूरजपुर।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने नशे के कारोबार में लिप्त आरोपी को दी 10 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम देवनगर नावापारा निवासी मो. इस्माईल अंसारी



अपने घर के पास में नशीली दवाइयों की बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक व कार्रवाई हेतु पुलिस मौके पर पहुंची जहां मो. इस्माइल अंसारी आ. स्व. रमजान अंसारी (32 वर्ष) के कब्जे से कुल 365 नग नशीली इंजेक्शन जब्त किया गया। मामले में नशीली इंजेक्शन जब्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले के विवेचक एएसआई सुमंत पांडेय द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण के समग्र तथ्यों, गवाहों के कथनों, एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अपराध सिद्ध होने से आरोपी मो. इस्माईल अंसारी को धारा 21(सी) के आरोप में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सुबह से ही वातावरण हरि नाम संकीर्तन, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों और जयघोष से गूंज उठा।

स्थानीय पक्की तालाब से पवित्र जल भरकर सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया, वहीं युवाओं की टोली भगवा ध्वज लेकर नगर भ्रमण में शामिल हुए। गाजियाबाद से आए ढोल-नगाड़ों की टोली, आकर्षक झांकियां और भव्य आतिशबाजी ने इस कलश यात्रा को शोभायात्रा का दिव्य स्वरूप प्रदान किया। कलश यात्रा राजघराना चौक, कदमपारा चौक,कॉलेज चौक, बस स्टैंड होते हुए थाना चौक से कथा पंडाल स्टेडियम ग्राउंड में सम्पन्न हुई। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। मुख्य यजमान छोटेलाल जायसवाल एवं श्रीमती कौशल्या जायसवाल रहे। कथा प्रवक्ता आचार्य सदानंद महाराज, श्रीधाम वृंदावन मथुरा के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जा रहा है। प्रथम दिवस आचार्य ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा, उसकी उत्पत्ति, शुकदेव-परिक्षित संवाद एवं कथा श्रवण के आध्यात्मिक महत्व को सरल एवं भावपूर्ण शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल ग्रंथ नहीं, यह जीवन जीने की कला है, जो मानव को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की ओर ले जाती है। आयोजकों ने बताया कि आगामी नौ दिनों तक श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों ध्रुव-प्रहलाद चरित्र, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, महारास, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र का रसपान करेंगे। समापन अवसर पर हवन-पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान अंबिका जायसवाल, राजेश जायसवाल, रुचि जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रंभा जायसवाल, राजेश गुप्ता, मुकेश तायल, आनंद शुक्ला, लवकेश पैकरा, विनोद जायसवाल, कमलेश गुप्ता, संतोष जायसवाल, राजेश कश्यप, वासुदेव पांडे, संतोष सिंह, हरिशंकर गर्ग, अंकुर जायसवाल, अजय जायसवाल, लक्ष्मी गुप्ता, अभिषेक, पप्पल, विक्रम नामदेव, राहुल तिवारी, शाहिद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव का नगर आगमन कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**सूरजपुर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का जिला आगमन होने पर जगह जगह स्वागत किया गया साथ ही कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात व एनएसयूआई द्वारा आयोजित छात्र कौशल प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किया गया। इसके पश्चात ग्राम पर्री में कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात,वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजेन्द्र गोयल के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात, देवनगर मंडी का निरीक्षण, ग्राम कल्याणपुर में स्वागत,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात,कंचन नगर में स्वागत, प्रेमनगर में माता कर्मा चौक का उद्घाटन,चंदननगर में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तुलसी यादव के निवास पर भेट मुलाकात एवं चंदन नगर में फुटबॉल के समापन अवसर पर शामिल हुए। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के साथ खेलसाय सिंह, प्रेमसाय सिंह, पारस नाथ राजवाड़े, शफी अहमद, भगवती राजवाड़े, राजकुमारी शिव भजन मरावी भी दौरे में शामिल रहे। श्री सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया आदि शामिल रहे।



## युवाओं ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता, पट्टिका पहनाकर किया गया स्वागत




कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ नवप्रवेशित कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक की उपस्थिति में बुधवार को संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अम्बिकापुर शहर के बड़े जिम संचालक राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेस ज्वाइन करने आए इन युवाओं को कांग्रेस की पट्टिका पहनाकर आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने पार्टी में इनका स्वागत किया।

शामिल होने आये युवाओं ने एक एक कर अपना परिचय देते हुए यह कहा की देश के युवाओं के प्रति राहुल गांधी की सोच एवं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के नेतृत्व क्षमता से प्रभावित होकर सभी ने कांग्रेस ज्वाइन करने का फैसला किया। उन्हें संबोधित करते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि इस बात की ख़ुशी है कि युवा जेनजी को कांग्रेस की विचारधारा पसंद आ रही है। उनसे चर्चा में उनके राजनीतिक रुझान को समझने में बड़ी मदद मिली है। हमें पूरी उम्मीद है कि इन युवाओं के कांग्रेस प्रवेश से पार्टी को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस दौरान श्री हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, रामविनय सिंह, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, विनीत विशाल जायसवाल, लोकेश कुमार, राकेश सिंह, गुरूप्रीत सिंह, नरेंद्र विश्वकर्मा,जीवन यादव, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, सतीश बारी, सोहन जायसवाल, शुभम जायसवाल, अविनाश कुमार, मो इमरान आदि मौजूद थे।

#### पूर्व उपमुख्यमंत्री ने बनाया सदस्य

इन युवाओं को जिन सदस्यता फार्म के माध्यम से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई गई है उसपर सदस्यता ग्रहण कराने वाले सदस्य के रूप में स्वयं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने हस्ताक्षर किया है। इन युवाओं के कांग्रेस प्रवेश की को लेकर राकेश अग्रवाल ने 2 दिन पूर्व उनसे चर्चा की थी। पार्टी के आवश्यक बैठक के लिए दिल्ली रवाना होने के कारण आज वो उपस्थित नहीं रह सके। हालांकि उनके हस्ताक्षर युक्त सदस्यता फार्म की पावती राकेश अग्रवाल, राजेश चौधरी, सौरभ सोनी, रुस्तम मिर्जा, देवाशीष मंडल, तौसीफ अहमद, अरुण कुमार, कौशर अहमद, मरकुस लकड़ा, अमन जायसवाल, सुमित चौबे, तौफीक अहमद, मो अलिफ़ पठान, शाहिद राजा, अमान खान, हबीब खान, सैफ खान, मो अयान शेख, मो अयान अंसारी, रविंद्र सिंह, उजियारा सिंह, विकास कुमार, अनीस भगत, अंनत वंशी, मनीष लकड़ा, अरुण सिंह, भरत, प्रभाकर सिंह, विजय सिंह, धीरेंद्र पैकरा, तुषार सिंह, राजन नगेशिया, हारकिशुन, सुभाष कुमार, मनीष पैकरा, आशीष पैकरा, चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह, सुधाकर सिंह, जितेंद्र सिंह, रोहित किस्पोट्टा, अलका गुप्ता, खुशबू सिंह, इशिका रॉय, सृष्टि विश्वकर्मा, स्नेहा जायसवाल, रेणु साहू, प्रियंका राजवाड़े, अंशी हालदार आदि पार्टी के नवप्रवेशी सदस्यों को दी गई।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल, 31 को राज्य स्तरीय करियर मार्गदर्शन मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर





छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार के विजन सुरक्षित और सफल भविष्य को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर जिले में राज्य स्तरीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 31 जनवरी को भटगांव ग्राउंड में कपिध्वज - करियर गाइडेंस कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा, जिसमें 6 हजार से अधिक विद्यार्थी भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर के करियर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर चयन और लक्ष्य निर्धारण के लिए समय पर सही दिशा देना है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का हर छात्र सही मार्गदर्शन पाकर अपने सपनों को साकार कर सकें।

- फिजिक्स गुरु नितिन विजय देंगे छात्रों को सफलता का मंत्र

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद, फिजिक्स गुरु एवं मोशन एजुकेशन कोटा के संस्थापक नितिन विजय विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के सूत्र, करियर प्लानिंग और आत्मविश्वास निर्माण पर अपने अनुभव साझा करेंगे। इस राज्य स्तरीय आयोजन में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन एवं कपिध्वज टीम द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रेरक बनाने हेतु तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन न केवल सूरजपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा और प्रदेश को शैक्षणिक सशक्तिकरण की नई दिशा प्रदान करेगा।

## जनहित की खबर बनी विवाद की वजह पत्रकार को जान से मारने की धमकी



**भैयाथान/ सलका अघिना।** जनहित में समाचार प्रकाशित करना एक निजी चैनल के पत्रकार को उस समय भारी पड़ गया, जब समाचार से नाराज़ एक व्यक्ति ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी दे दी। मामला भैयाथान थाना क्षेत्र का है, जहां पीड़ित पत्रकार ने समस्त पत्रकार साथियों के साथ थाने में एफआईआर दर्ज कराने हेतु लिखित आवेदन सौंपा।

जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस को आंगनबाड़ी केंद्र झिलमिली (ब) में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई। जिस पर निजी चैनल के पत्रकार ने मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति से अवगत होने के पश्चात तथ्यों के आधार पर जनहित समाचार का प्रकाशन किया। समाचार प्रकाशित होने के अगले दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पुत्र गौतम यादव द्वारा पत्रकार के पास पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित पत्रकार ने समस्त पत्रकारों की उपस्थिति में थाना भैयाथान पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी भैयाथान नसीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच के उपरांत जो भी दोषियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। इधर पत्रकार की शिकायत के आधार पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए शिक्षक गौतम कुमार यादव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। संबंधित शिक्षक को दो दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते 2 ट्रैक्टर वाहन जब्त


**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर नीरनिधि नन्देहा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा ग्राम कैलाशपुर में मोरान नदी में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर चौकी वाड्रफनगर को सुपुर्द किया गया।

## ग्राम पंचायत पोड़ी में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम पंचायत पोड़ी में ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मोना सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं खेल भावना बनाए रखने का संदेश देकर किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं और छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच ग्राम पोड़ी सुपर जेंट्स एवं ग्राम गुमगरा की टीमों के मध्य खेला गया। गुमगरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पोड़ी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 131 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमगरा की टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही और 84 रन बनाकर आल आउट हो गई जिससे पोड़ी सुपर जेंट्स ने उद्घाटन मैच में जीत दर्ज की। आयोजन समिति के अमन राजा ने बताया कि प्रतियोगिता में आसपास के कई गांवों और अन्य जिला के कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। इस दौरान उप सरपंच श्रीमती सोनकुमारी, पंच शिवनाथ सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह, अमन, ओमप्रकाश, अनिल देवांगन, बिकी सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



# पांचवें दिन 200 करोड़ रुपए पार हुई बॉर्डर-2

**मुंबई।** 23 जनवरी को फिल्म 'बॉर्डर 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी। तब से ही फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। छह दिनों में ही फिल्म का कलेक्शन 200 करोड़ के पार हो गया है। कमाई के मामले में पहले दिन से यह फिल्म 'धुरंधर' का रिकॉर्ड तोड़ रही है। सनी देओल और वरुण धवन की मल्टीस्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। मंगलवार पांचवें दिन इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, निर्माता ने बॉर्डर-3 बनाने की घोषणा की है।

लाइफ Style



# रानी
## मां को पिता पर आवाज उठानी चाहिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रानी मुखर्जी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रानी मुखर्जी कहती हैं कि पत्नियों को अपने पति पर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अब आदित्य से ये मत पूछिएगा कि उनके साथ घर में क्या होता है।


रानी मुखर्जी ने हाल ही में एक बयान दिया है। इस बयान की वजह से कुछ लोग सोशल मीडिया पर रानी मुखर्जी को टारगेट कर रहे हैं। रानी मुखर्जी बता रही थीं कि कैसे लड़कों का व्यवहार इस चीज पर निर्भर करता है कि उनके घरों में उनके पिता उनकी मां के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। इस बारे में बात करते हुए रानी मुखर्जी ने कहा कि पत्नियों को अपने पति पर आवाज उठानी चाहिए। रानी मुखर्जी का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो पर रानी मुखर्जी को लोग टारगेट भी कर रहे हैं। एक बातचीत में रानी मुखर्जी ने कहा, 'मुझे लगता है सम्मान घर से शुरू होता है। बहुत आसानी से, जब आप अपने घर पर अपनी मां के साथ बुरा व्यवहार होते देखते हैं, तो लड़के ये सोचने लगते हैं कि अगर मेरी मां के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है तो हर लड़की को इस तरह से ट्रीट किया जा सकता है। मुझे लगता है कि पिता को जिम्मेदार होना चाहिए कि वो अपनी पत्नी को कैसे ट्रीट करते हैं, क्योंकि लड़के वही देखते हुए बड़े होते हैं। अगर आपकी मां को अच्छी तरह ट्रीट किया जाएगा, अगर उन्हें सम्मान मिलता है, लड़कों को समझ आएगा कि लड़कियों का सम्मान करना चाहिए।

हॉलीवुड मसाला



# अर्नोल्ड वोस्लू का साउथ में डेब्यू...

**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा जल्द ही फैंस को एक नया तोहफा देने वाले हैं। उनकी नई फिल्म का नाम 'रणबाली' है, जिसमें वे रश्मिका मंदाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। टीजर में विजय देवरकोंडा बड़े पावरफुल और इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म में एक्शन, इमोशंस और पीरियड ड्रामा का शानदार कॉम्बिनेशन होगा। सबसे खास बात यह है कि हॉलीवुड की मशहूर फिल्म द ममी के विलन अर्नोल्ड वोस्लू इस फिल्म से साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे हैं।



# 67 साल पुरानी वो फिल्म, जिसने जीते सबसे ज्यादा ऑस्कर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'बेन-हर' 18 नवंबर, 1959 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें चार्लटन हेस्टन, स्टीफन बॉयड, जैक हॉकिन्स, हाया हरारीत और ह्यू ग्रिफिथ लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म ल्यू वालेस का नॉवेल 'बेन-हरः ए टेल ऑफ द क्राइस्ट'पर आधारित है। फिल्म का बजट $15.2 मिलियन ( लगभह 126 करोड़) था और बॉक्स ऑफिस पर इसकी कमाई $146.9 मिलियन (लगभग 1,220 करोड़) हुई। कमाल की बात ये उस दौर में इस फिल्म का ये रिकॉर्ड कोई फिल्म ने तोड़ पाई थी, लेकिन 38 साल बाद यानी 1997 में 'टाइटैनिक'ने 11 ऑस्कर जीतकर 'बेन-हर'का ये रिकॉर्ड तोड़ा था। फिल्म की कहानी यहूदी राजकुमार जुदाह बेन-हर के ईद-गिर्द घूमती है, जिसे उसका रोमी दोस्त मेस्साला धोखे से गुलाम बना देता है। कई सालों की यातनाओं के बाद वो आजाद होता है और न्याय और बदले की तलाश में लौटता है। कहानी विश्वास, मोक्ष, बदला और क्षमा जैसे गहरे विषयों को दिखाती है।



# द केरल स्टोरी-2 का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह साल 2023 में फिल्म 'द केरल स्टोरी' लेकर आए थे। अब वे इसका सीक्वल 'द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड! लेकर आ रहे हैं। फिल्म का मोशन पोस्टर बुधवार को रिलीज किया गया है। सीक्वल में एक और खौफनाक कहानी दर्शक देख पाएंगे। यह फिल्म इसी साल फरवरी में रिलीज होगी। फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' का मोशन पोस्टर सनशाइन पिक्चर्स लिमिटेड के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। इसे देखकर लग रहा है कि सीक्वल में एक बार फिर दर्शक किसी दिल दहला देने वाली कहानी से रूबरू होंगे। इस फिल्म का टीजर 30 जनवरी को जारी किया जाएगा। फिलहाल, आज रिलीज हुए मोशन पोस्टर में कुछ युवतियों के चेहरे दिखाए हैं। दहशत और खौफ उनके चेहरे पर साफ नजर आ रहा है।



# धुरंधर ने तोड़े हिंदी सिनेमा के रिकार्ड

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर'ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। यह भारत में 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है। आठवें हफ्ते में भी शानदार कमाई करते हुए फिल्म ने केजीएफ चैप्टर 2 को पीछे छोड़ दिया। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने न सिर्फ हिंदी सिनेमा के रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि साउथ फिल्मों के दबदबे को भी चुनौती दी। धुरंधर की रफ्तार अभी थमती नजर नहीं आ रही। धुरंधर अब 1000 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली तीसरी फिल्म बन गई है। लेकिन, बॉलीवुड (हिंदी) की पहली फिल्म। अन्य दो फिल्मों में साउथ की पुष्पा 2 और बहुबली 2 है। आठवें हफ्ते में भी फिल्म की कमाई थमने का नाम नहीं ले रही। आठवें वीकेंड पर धुरंधर ने भारत में करीब 2.9 करोड़ रुपए नेट कमाए।

टीवी मसाला



# पोपटलाल से शादी के लिए होने वाली दुल्हन ने रखी शर्त

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कई साल से पत्रकार पोपटलाल की शादी का इंतजार किया जा रहा है। कई बार ऐसा संयोग बना कि पोपटलाल की शादी होगी, पर कोई न कोई अड़चन आ गई। अब एक बार फिर पोपटलाल की शादी का संयोग बना है और पूरी टीम जयपुर में हैं। यहां पतंग महोत्सव चल रहा है और इसके तार पोपटलाल की शादी से जुड़े हुए हैं। इस पतंग महोत्सव में पोपटलाल की शादी का क्या ट्विस्ट, इसकी झलक मेकर्स ने प्रोमो में दिखाई है। दरअसल, पत्रकार पोपटलाल को शादी के लिए दुल्हन मिल चुकी है, और उसका नाम बबली है, पर उसने शादी के लिए एक शर्त रखी है और उसी शर्त में पोपटलाल की किस्मत बंधी है। पोपटलाल ने भी शर्त स्वीकार कर ली है और कहा है कि वह बबली को मिसेज पोपटलाल बनाकर गोकुलधाम सोसाइटी लेकर जाएंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को जो प्रोमो आया है, उसमें पतंग महोत्सव का माहौल दिखाया गया है। बताया जाता है, 'आज ये नीला आसमान गवाह बनेगा एक ऐतिहासिक युद्ध का। बबली कुमारी ने चैलेंज किया है कि जो भी उनकी पतंग काटेगा, उससे वो शादी करेगी। पोपटलाल इस शर्त को मानने के लिए तैयार हो जाते हैं। वह बबली की पतंग काटने का चैलेंज स्वीकार कर लेते हैं। उन्हें खुद पर इतना विश्वास है कि पतंग वही काटेंगे और इसलिए शेरवानी पहनकर दूल्हा बनकर पतंग महोत्सव में पहुंच जाते हैं।' वैसे हाल ही के एपिसोड में पोपटलाल, बबली के पास जाकर इस बारे में बात करते दिखे थे।

## द 50 के पहले ही दिन एलिमिनेट हुआ एक सदस्य

**नई दिल्ली।** रियलिटी शोज 'द 50' रविवार, 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर शुरू होने जा रहा है। लेकिन, इसकी शूटिंग 26 जनवरी से ही शुरू हो गई है। और कंटेस्टेंट्स ने पहला टास्क भी कर लिया है और उसमें से एक सदस्य एलिमिनेट भी हो चुका है। साथ ही शो में 10 कैप्टन भी बनाए गए हैं और टीमों को पांच ग्रुप्स में बांट दिया गया है। द 50 की शूटिंग दुबई में नहीं, बल्कि मुंबई के मलाड-मालवानी में बने सेट पर हो रही है। जिस आलीशान महल में सभी 50 कंटेस्टेंट्स रहेंगे, उसकी झलक तो पहले ही दिखाई गई थी। साथ ही हर एक कोने के बारे में भी बताया गया था कि वहां पर किसे फायदा और किसे नुकसान होगा। कहां पर टास्क होगा और कहां पर शांति और सुकून का अनुभव किया जा सकेगा। इस शो के बारे में 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि इसमें पहले गेस्ट के रूप में एक दिन के लिए हिमेश रेशमिया आए हैं। साथ ही 10 कैप्टन्स का भी चुनाव किया जा चुका है, जिनके नाम राजकुमार नरूला, राजत दलाल, निक्की तंबोली, फैजु, करण पटेल, उर्वशी ढोलकिया, मोनालिसा, रचित, श्रुतिका अर्जुन और कृष्णा श्रॉफ हैं।



# 10 भाषाओं में गाए 715 गाने अरिजीत ने दो बार की शादी

**मुंबई।** देशभर में 27 जनवरी की रात चारों तरफ हलचल तब मच गई, जब अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने का ऐलान किया। उनके इस फैसले ने सबको चौंका दिया। उनके फैंस को गहरा धक्का भी लगा। हालांकि, वह फिल्ममेकिंग करेंगे। वब अब अपना कॅरियर डायरेक्शन और प्रोडक्शन की फील्ड में बनाना चाहते हैं। वह एक मूवी भी बना रहे हैं, जिसमें अपने बेटे और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा को लीड रोल में कास्ट कर रहे हैं। हालांकि, इन सबके बीच उनकी निजी जिंदगी के बारे में सर्च किया जा रहा है। उनके बीवी-बच्चों और नेट वर्थ के बारे में लोग गूगल कर रहे हैं। अरिजीत सिंह ने शाहरुख खान, सलमान खान, वरुण धवन, रणबीर कपूर और कार्तिक आर्यन जैसे तमाम बड़े नामों को अपनी आवाज दी है और अपने पूरे करियर में अब तक 122 अवॉर्ड्स जीते हैं, जिसमें से दो नेशनल अवॉर्ड्स शामिल हैं। इन्होंने हिंदी, बंगाली, तेलुगू, तमिल, मराठी, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, असमिया, पंजाबी में बतौर प्लेबैक सिंगर करीब 715 गाने गाए हैं और हिंदी-बंगाली में 28 गाने कम्पोज किए हैं। अरिजीत सिंह ने दो शादियां कीं। पहली शादी 2013 में 'फेम गुरुकुल' की कंटेस्टेंट रूपरेखा बनर्जी से की थी। लेकिन सालभर के अंदर ही तलाक हो गया था। इसके बाद उन्होंने 2014 में कोयल रॉय से तारापीठ मंदिर में शादी की थी। वह उनके बचपन की दोस्त और पड़ोसी थीं। साथ ही तलाकशुदा थीं और उनकी पहली शादी से एक बेटी भी थी।





# प्लेन क्रैश में बॉलीवुड की इन 3 हस्तियों की गई जान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता अजित पवार की बारामती में प्लेन क्रैश में मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया है। 66 वर्षीय अजित पवार मुंबई से बारामती जा रहे थे। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब विमान हादसे में किसी हस्ती की मौत हुई। दरअसल, यह हादसा पुराने जख्मों को कुरेदता है। इससे पहले भी कई सितारे विमान हादसे में जान गंवा चुके हैं।



### सौंदर्या शर्मा

प्लेन क्रैश में जान गंवाने वालों की लिस्ट में पहला नाम 'सूर्यवंशम' फेम एक्ट्रेस सौंदर्या का है। 32 वर्षीय सौंदर्या 17 अप्रैल 2004 को बेंगलुरु के जक्कुर एयरफील्ड से करीमनगर जा रही थीं। विमान टेकऑफ के कुछ मिनट बाद क्रैश हो गया और आग लग गई। जानकारी के अनुसार, उस समय सौंदर्या 7 महीने की प्रेग्नेंट थीं। उनके साथ भाई अमरनाथ, भाजपा कार्यकर्ता रमेश कदम और पायलट जॉय फिलिप्स भी थे। सभी की मौत हो गई थी।

### ओमकार

सुपरहिट फिल्म 'नदिया के पार' में चंदर (सचिन) के बड़े भाई की भूमिका निभाकर लोकप्रिय हुए एक्टर ओमकार की मौत भी प्लेन क्रैश में हुई। वह पत्नी और बच्चों के साथ लंदन जा रहे थे।

### तरुणी सचदेव

चाइल्ड एक्ट्रेस तरुणी सचदेव, जिन्हें 'रसना गर्ल' और फिल्म 'पा' में अमिताभ बच्चन के साथ काम कर खूब लोकप्रियता मिली। उनकी मौत 14 मई 2012 को नेपाल के जोमसोम एयरपोर्ट के पास हुई। 14 वर्षीय तरुणी अपनी 14वें जन्मदिन पर मां के साथ विमान में थीं। विमान क्रैश में उनकी मां का भी निधन हो गया था।

## मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक श्रेणी में मिला नामांकन

# बाफ्टा 2026 की नॉमिनेशन लिस्ट में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का दबदबा

*नई दिल्ली। बाफ्टा' यानी ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स ने इस साल के नॉमिनेशन की घोषणा कर दी है। इन नामांकनों में माइकल बी जॉर्डन की फिल्म 'सिनर्स' और लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सबसे अधिक नामांकन मिले हैं। जबकि टिमोथी चालमेट की 'मार्टी सुप्रीम' दूसरे स्थान पर रही है। यही नहीं, बाफ्टा की नॉमिनेशन लिस्ट में भारत की मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को भी सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में नामांकन मिला है। इस बार सबसे ज्यादा 14 नॉमिनेशन लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर।*

### वन बैटल आफ्टर अनदर को मिले 14 नॉमिनेशन

बाफ्टा नॉमिनेशन में लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने 14 नॉमिनेशन हासिल किए हैं। ये 'गांधी' के रिकॉर्ड (16 नॉमिनेशन) से सिर्फ दो कम हैं। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट', 'एटोनमेंट', 'द किंग्स स्पीच' और 'क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन' के बराबर हैं।

### सिनर्स को 13 और मार्टी सुप्रीम को 11 नॉमिनेशन

इसके अलावा रायन कूगलर द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिनर्स' को 13 नामांकन मिले हैं। जिससे निर्देशक और अभिनेता माइकल बी जॉर्डन को पहली बार बाफ्टा में नामांकित होने का मौका मिला है। वहीं 'हैमनेट' और 'मार्टी सुप्रीम' दोनों को 11-11 नामांकन मिले। इसके साथ ही टिमोथी चालमेट लगातार दूसरे साल बाफ्टा के बेस्ट एक्टर की रेस में शामिल हो गए हैं।



### 22 फरवरी को होंगे बाफ्टा

बाफ्टा 2026 अवॉर्ड्स का आयोजन 22 फरवरी को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स की होस्टिंग एलन कमिंग करेंगे। फिल्म और टेलीविजन के इन अवॉर्ड्स की गिनती प्रमुख अवॉर्ड्स समारोहों में होती है।

### स्टेलन स्कार्सगार्ड को 74 साल में मिला पहला नामांकन

निर्देशक क्लोई झाओ की फिल्म 'हैमनेट' के साथ अब तक किसी महिला निर्देशक द्वारा सबसे अधिक बाफ्टा नामांकन प्राप्त करने वाली फिल्म बन गई है। 'सेंटिमेंटल वैल्यू' के लिए स्टेलन स्कार्सगार्ड को 74 साल की उम्र में अपना पहला बाफ्टा नामांकन मिला है।

### बूंग को भी मिला नॉमिनेशन

*इस बार के बाफ्टा में भारत की मणिपुरी फिल्म बूंग को भी नॉमिनेशन मिला है। 'बूंग'को सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला है। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी द्वारा किया गया है। जबकि फिल्म का सह-निर्माण फरहान अख्तर द्वारा भी किया गया है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट्री में सेक्शन में फिल्म 'द परफेक्ट नेबर' को भी नॉमिनेशन मिला है। हालांकि, यह एक अमेरिकन डॉक्यूमेंट्री फिल्म है। लेकिन, फिल्म की निर्देशक गीता गंडभीर का भारत से भी संबंध है। अमेरिका के बोस्टन में पली-बढ़ी गीता के पिता साल 1960 में पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए थे।*

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा



बैकुण्ठपुर। कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्ष श्रीमती चंदन त्रिपाठी बुधवार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में एकल एवं समूह नल-जल योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ठेकेदारों को निर्देशित किया कि वे गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें तथा पानी टंकी, नल कनेक्शन सहित सभी अधोसंरचना कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग, क्रेडा एवं ठेकेदारों को आपसी समन्वय से साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुके ग्रामों एवं बसाहटों की विशेष समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक कुल 315 योजनाओं भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी हैं, जिनमें से 148 योजनाएं हस्तांतरण की स्थिति में हैं। इनमें से 97 योजनाओं का हस्तांतरण पूर्ण किया जा चुका है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जल जीवन मिशन राज्य एवं केन्द्र सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### फरवरी में एमसीबी आएंगे सीएम साय

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने वर्चुअल माध्यम से जिले के समस्त विभागों की एक विस्तृत, गहन एवं अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित समस्त शासकीय योजनाओं, जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत एवं प्रगतिरत विकास कार्यों, विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री पोर्टल, जनदर्शन और ई-शिकायत पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करना रहा। कलेक्टर ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने 16 अथवा 17 फरवरी को प्रस्तावित मुख्यमंत्री के जिले के दौरा कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सरगुजा प्राधिकरण से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की गईं। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जगन्नाथ मंदिर, चिरमिरी आगमन प्रस्तावित है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### जिला वाहन चालक संघ की बैठक प्रमोद बने सचिव



बैकुण्ठपुर। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वाहन चालक कार्यालय में विगत दिनों जिला वाहन चालक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त वाहन चालकों की सहमति से संघ के विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। पंजीयन क्रमांक 16105/08 के अंतर्गत जिला अध्यक्ष विजय सिंह के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से भगवान दास को जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद नाहक को सचिव, नियाज खान को सह सचिव, रजनी कांत पैकरा को कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद सोनवानी को सलाहकार तथा मो. आरिफ को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को जिले के समस्त वाहन चालकों के हित में उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़,
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ( छ.ग. )
क्रमांक /1810/वाचक-1/2026
मनेन्द्रगढ़, दिनांक 28/01/2026
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र./202601330100011/अ-21( 5 )/2025-26
इरशाद अली प्रति पारूल अग्रवाल
ग्राम/नगर चैनपुर

सर्व साधारण जनता ग्राम चैनपुर प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के न्यायालय कलेक्टर मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर के रा.प्र.क्र./202601330100011/अ-21( 5 )/2025-26 आवेदक इरशाद अली आ. राशिद अली, निवासी ग्राम वार्ड नं. 18 स्टेट बैंक के पास मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) द्वारा ग्राम चैनपुर प.ह.नं. 09 स्थित भूमि खसरा नं. 211/86 रकबा 0.0305 हे. एवं ख.नं. 211/103 रकबा 0.0305 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक को पारिवारिक कारणों से रूपयों की आवश्यकता होने के कारण को अनावेदिका पारूल अग्रवाल पति आकाश अग्रवाल निवासी वार्ड क्रं. 07 विनय होटल के पीछे मनेन्द्रगढ़, के पक्ष में विक्रय किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन दिये जाने हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त विक्रय के संबंध में कोई भी ग्रामीण/नगरीय जनता अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो दिनांक 12/02/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार मनेन्द्रगढ़,
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

## मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का किया गया शुरूआत

# कन्या कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 24 जनवरी को एनएसएस के बैनर तले एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह खुसरो, श्रीमती गीता राजवाड़े एवं महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता, भ्रूण हत्या एवं नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को शिक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना राजवाड़े ने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति और परिवार के सहयोग से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह खुसरो ने कहा कि बेटियों की शिक्षा से समाज और देश का भविष्य मजबूत होता है। वहीं श्रीमती गीता राजवाड़े ने मोबाइल के दुष्प्रभावों एवं ऑनलाइन ठगी से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की कविता मंडल ने बाल विवाह अधिनियम एवं हेल्पलाइन की जानकारी दी। बीएन नर्सिंग कॉलेज बिश्रामपुर की सहायक प्राध्यापक प्रीति साहू ने सच्चे प्रेम की पहचान पर प्रकाश डाला। सखी सदन की सुमन साहू ने महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर नुक्कड़ नाटक, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूर्णिमा राजवाड़े एवं लालती सिंह, द्वितीय नाजिया परवीन एवं ममता सिंह तथा तृतीय स्थान रोशनी एवं अंशिका सिंह ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को चेक एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन दीपिका पटेल एवं आभार प्रदर्शन कनकलता पैकरा ने किया। काफी संख्या में छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# समर्था सेवा समिति की महिलाओं ने मनाया 77 वां गणतंत्र दिवस



कोरिया कॉलरी। देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर चिरमिरी के गोदरीपारा स्थित चीफ हाउस में समर्थ सेवा समिति द्वारा हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीता की द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान एवं देशभक्ति नारों से पूरा वातावरण देशप्रेम से गूंज उठा। समारोह में समिति की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती रीता की ने गणतंत्र का महत्व बताते हुए उपस्थित सभी नागरिकों को अपने संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए समिति की सचिव श्रीमती कंचन जायसवाल ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने देश के वीर जवानों के बलिदानों को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मातृ शक्तियों की विशेष भागीदारी देखने को मिली। हिंदी, बांग्ला एवं भोजपुरी भाषा के राष्ट्रभक्ति गीतों से वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। इसके साथ ही क्रीड़ा उत्सव के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए एवं अंत में सभी उपस्थितजन को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति की सदस्य श्रीमती प्रमिला, श्रीमती अपर्णा पाल, श्रीमती कजरी श्रीवास्तव, श्रीमती सविता सिंह, श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, श्रीमती सुनीता कश्यप, श्रीमती रेणु, श्रीमती किरण झुले, श्रीमती कमला सोनवानी, श्रीमती उर्मिला लहरे, श्रीमती उषा शिवहरे, श्रीमती बरनाली भट्टाचार्य, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती बिंदु शर्मा, श्रीमती सुमल सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। गणतंत्र दिवस के इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संतोष आइच एवं बृजभूषण श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

## छग एथलेटिक्स संघ द्वारा एथलेटिक्स ट्रायल

बैकुण्ठपुर। छग एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रायल 31 जनवरी शनिवार को सुबह 7 बजे से बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम, बिलासपुर में आयोजित होगा। इस चयन ट्रायल में कोरिया जिले सहित राज्य के सभी जिलों के सीनियर पुरूष एवं महिला, अंडर-18 एवं अंडर-20 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। ट्रायल के माध्यम से आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल में पैदल चाल (रेस वॉक) की 5 किमी एवं 10 किमी स्पधाएं आयोजित की जाएगी, इसके साथ ही थ्रो वर्ग में गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक एवं हैमर थ्रो की प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं जंप वर्ग में हाई जंप, लांग जंप, ट्रिपल जंप एवं पोल वॉल्ट तथा 400 मीटर दौड़ की स्पर्धा भी शामिल रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ कोरिया के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह दद्दा ने बताया कि यह चयन ट्रायल कोरिया जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और उच्च स्तर पर चयन का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कोरिया जिले के सभी पात्र खिलाड़ियों से अपील की है कि वे समय पर ट्रायल स्थल पर पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग लें। संघ द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पूर्व प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र तथा खेल किट अनिवार्य रूप से लानी होगी। बिना आवश्यक दस्तावेजों के किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

■ कोरिया के खिलाड़ियों को मिला अवसर

### उद्यानिकी के भृत्य ने किया ध्वजारोहण



बैकुण्ठपुर। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के उद्यानिकी विभाग के अधिकारी ने पहल करते हुए विभाग के अधिकारी द्वारा कार्यालय के भृत्य से गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभाग के प्रांगण में तिरंगा फहराया गया। जानकारी के अनुसार मुख्यालय बैकुंठपुर में संचालित उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक विनय त्रिपाठी द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यालय के भृत्य हीरालाल पैकरा को तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी सौंपे थे।

## ओदारी में मनरेगा बचाव संग्राम का आयोजन



सोनहत। पूर्व विधायक एवं मनरेगा बचाव संग्राम के प्रभारी गुलाब कमरो के आह्वान पर तथा जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के निर्देशानुसार गुरूवार को ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह की उपस्थिति में मनरेगा बचाव अभियान के तहत ग्राम ओदारी में भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि मजदूरों के काम करने का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र की मोदी सरकार मनरेगा को कमजोर कर इसे कानून से हटाकर योजना में बदलने की कोशिश कर रही है, जिससे गरीबों और मजदूरों का यह अधिकार छीना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचाव संग्राम के माध्यम से आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी और जल्द ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा इस मुद्दे को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## स्वरोजगार से सशक्त बनी अंजना



बैकुण्ठपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए संचालित स्वरोजगार एवं जनहितकारी योजनाएं अब केवल नीतिगत परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर आम नागरिकों के जीवन में संघर्ष से सुकून की ओर बढ़ते परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन रही हैं। प्रधानमंत्री सृजन स्वरोजगार योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर एक सफल उद्यमी के रूप में पहचान स्थापित करने वाली ग्राम पंचायत तोलगा निवासी श्रीमती अंजना आज प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लिए संसाधन प्रदाता बन चुकी हैं। वे न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण हैं, बल्कि अपने गांव एवं आसपास के वंचित परिवारों के लिए सुकून की छांव भी बन रही हैं। कोरिया जिले के ग्राम पंचायत तोलगा में निवासरत श्रीमती अंजना उरांव जनपद पंचायत खड़गवां में अंशकालिक कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं।

### एमसीबी कलेक्टर ने फहराया तिरंगा



मनेन्द्रगढ़। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य, गरिमामय एवं राष्टभक्ति से ओत-प्रोत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट रहे, जिन्होंने प्रातः विधिवत रूप से राष्टीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से राष्टगान किया। ध्वजारोहण के पश्चात कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने राष्टपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र तथा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित छग महतारी की प्रतिमा एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को नमन किया। इस गरिमामय समारोह में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट परिसर के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी काफी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने संविधान, राष्ट और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में गणतंत्र दिवस



सोनहत। विकासखडं मुख्यालय के घुघरा स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य वीके सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की गई। ध्वजारोहण के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने राष्टगान गाया। इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### लायंस क्लब प्राइड द्वारा 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



मनेन्द्रगढ़। लायंस क्लब प्राइड के तत्वावधान में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष पूनम सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने राष्ट के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए एकजुटता और सेवा के संकल्प को दोहराया।

### नन्हें कदम डे केयर सेंटर में मनाया गया गणतंत्र दिवस



बैकुंठपुर। 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नन्हें कदम डे केयर सेंटर एमएलए नगर, कक्ष क्रमांक 313 में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीडीआर रणजीत सिंह बीस्ट द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सूबेदार मेजर सुनील सिंह, हवलदार गौरी शंकर एवं श्रीमती गायत्री बीस्ट की उपस्थिति रही। ध्वजारोहण पश्चात नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत संदेश एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने खूब सराहा। इसके उपरांत श्रीमती गायत्री बीस्ट के द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बच्चों एवं अभिभावकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। अंत में सेंटर संचालनकर्ता श्रीमती कौसर जहां द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## तीर्थ यात्रियों पर आधारित रेल झांकी रही आकर्षण का केंद्र



गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श रामानुज स्कूल मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में समाज कल्याण विभाग द्वारा राम लला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना पर आधारित बेहद यूनिक एवं आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया गया। तीर्थ यात्रियों की सुविधा को दशार्ती रेल की आकृति में प्रस्तुत इस झांकी ने दर्शकों का विशेष ध्यानाकर्षित किया और खूब सराहना बटोरी। झांकी की नवीन सोच, प्रस्तुति एवं सामाजिक संदेश को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती बेनेडिक्ट तिर्की को कलेक्टर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि यह झांकी न केवल देखने में आकर्षक थी, बल्कि आम नागरिकों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम भी बनी।

## रामानुज महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट कार्यक्रम



बैकुण्ठपुर। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के सभागार में प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, भिलाई छग एवं महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन सेल के संयुक्त तत्वावधान में उड़ान 26 अभियान के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन एवं जॉब कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आमंत्रित कैरियर मार्गदर्शकों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर कैरियर मार्गदर्शक प्रो. जागेश्वर साहू एवं प्रो. आशीष साहू उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ निजी कंपनियों एवं विभिन्न फर्मों में रोजगार की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही रिज्यूम तैयार करने, इंटरव्यू स्किल्स एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। इसके पश्चात लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें रीजनिंग मैथ, समसामयिकी एवं सामान्य अंग्रेजी से संबंधित प्रश्न शामिल थे।

### हास्य योग सेवा समिति के अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हास्य योग सेवा समिति के तत्वावधान में समिति कार्यालय परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जसवीर सिंह कालरा ने विधिवत ध्वजारोहण कर राष्टीय ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम की शुरूआत राष्टगान के साथ हुई, इसके पश्चात उपस्थितजन ने संविधान की प्रस्तावना का स्मरण किया। ध्वजारोहण के पश्चात अध्यक्ष जसवीर सिंह कालरा ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जी-राम-जी योजना...

कपिल जायसवाल ने कहा कि योजना में भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है और पूरी व्यवस्था डिजिटल की गई है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव ने संबोधित किया। मंच संचालन मंडल महामंत्री सचिदानंद द्विवेदी एवं सत्यम साहू ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने चिरमिरी...

यूनिट एवं ब्लड बैंक की स्थापना की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इन समस्याओं के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए जिला प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष गायत्री बिरहा, पार्षद शनि चौथा, सैयद अनीश, मंडल अध्यक्ष उमाशंकर अल्गामाकर, रामप्यारे चौहान, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा एवं अशरफ अली सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीण व आदिवासी...

महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता स्थल पर खिलाड़ियों एवं दर्शकों में विशेष उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे प्रतियोगिताएं सुगम, पारदर्शी एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हो सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती रविशंकर सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनिता सिंह, बेलाबाई, जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष हीरा लाल मोर्य, सदस्य सुखलाल मरावी, नगर पंचायत जनकपुर अध्यक्ष कौशल प्रसाद पटेल, उपाध्यक्ष नीकेश मिश्रा, पार्षद जीतेश नामदेव सहित काफी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा...

न केवल पुलिस अधीक्षक बल्कि पूरे कोरिया जिले के लिए गौरव का क्षण बताया। कार्यक्रम में जिला यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े एवं राष्टपति पदक से सम्मानित ट्रैफिक मैन महेश मिश्रा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलदीप ओझा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन राष्टीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुरंजन कुजूर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय केसमस्त स्टाफ एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।













